हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, रविवार 12 अक्टूबर 2025
[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

तापमान
अधिकतम 29.2 डिग्री
न्यूनतम 22.6 डिग्री

4 शिक्षा से ही व्यक्ति का चरित्र निर्माण व समाज का...


4 भीथीडीह के कमारपारा में सड़क निर्माण से ग्रामीणों ...


## खबर संक्षेप

### घर के सामने खड़ी बोलेरो चोरी

**महासमुंद।** घर के सामने खड़ी बोलेरो वाहन की चोरी के मामले में सिंघोड़ा थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी सुब्रत कुमार पंडा पिता श्रीवत्स पंडा (39 साल) निवासी पैकिन ने बताया कि उसने अपने घर के सामने में रखे पुरानी इस्तेमाली सफेद कलर की बोलेरो प्लस क्रमांक ओडी 17 ए 3856 कीमत करीबन 200000 रुपये को खड़ी कर रखा था जिसे 10 अक्टूबर की रात किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया। मामले में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 303(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध दर्ज किया गया है। का अपराध घटित होना पाये जाने से अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया।

### भैया-भाभी ने पीटा, जाने से मारने धमकी

**महासमुंद।** घर की सफाई को लेकर उठे पारिवारिक विवाद और मारपीट के मामले में पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया है। पटेवा थाना अंतर्गत ग्राम सलिहाभांठा में निवासी धनेश्वर दीवान ने बताया कि 7 अक्टूबर की दोपहर डेढ़ बजे उसने घर में तीसरे नंबर के बड़े भाई मूलचंद दीवान से कहा कि दिवाली त्योहार आने वाला है, घर की साफ-सफाई करनी है। इस पर उसके भाई मूलचंद दीवान ने तू कौन होता है, घर की साफ-सफाई करने के लिये बोलने वाला कहते हुए गाली-गलौज कर लोहे की वस्तु से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। इस दौरान भाभी सेतबाई दीवान ने भी मारपीट की। वहीं बीच बचाव करने आए दूसरे नंबर के बड़े भाई प्रकाश दीवान के साथ भी मूलचंद दीवान व भाभी सेतबाई दीवान ने मारपीट की। मामले में रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# दाम और बढ़ने की अफवाह से सराफा में चांदी का स्टाक समाप्ति की ओर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

शहर के आभूषण बाजार में इन दिनों चांदी की कमी का संकट गहराता जा रहा है। दिवाली, शादी-विवाह और आगामी त्योहारों के सीजन से पहले बाजार में चांदी की उपलब्धता कम होने लगी है, जिससे सराफा व्यापारी चिंतित हैं। एक तरफ जहां खरीददार दुकानों तक पहुंच रहे हैं, वहीं दूसरी ओर स्थानीय लोग चांदी बेचने में कोई रुचि नहीं दिखा रहे हैं, जिससे आपूर्ति श्रृंखला बुरी तरह प्रभावित हुई है।

लोग में इस बात की प्रबल संभावना जता रहे है कि आने वाले दिनों में चांदी के दाम एक नया रिकॉर्ड छू सकते हैं। शहर के प्रमुख सराफा बाजार में चांदी के गहनों और सिक्कों की मांग लगातार बनी हुई है। अक्षय तृतीया, रक्षाबंधन और अब धनतेरस-दिवाली को देखते हुए लोग चांदी की खरीदी को प्राथमिकता दे रहे हैं। बाजार में चांदी बेचने वालों की संख्या नगण्य होने से क

स्थानीय अमन ज्वेलर्स के संचालक अमन जैन ने बताया है कि पिछले कुछ हफ्तों से स्थिति चिंताजनक है। हमारे पास स्टॉक सीमित है, जबकि ग्राहक लगातार आ रहे हैं। सबसे बड़ी समस्या यह है कि लोग अपनी पुरानी चांदी बेचने नहीं आ रहे हैं। उन्हें लगता है कि अभी जो रेट चल रहा है, उससे अधिक उन्हें कुछ ही दिनों में मिल सकता है। हर कोई चांदी को रोक कर रख रहे हैं। आम ग्राहक भी असमंजस में हैं। एक ग्राहक ने कहा कि चांदी के पायल लेने आए हैं, लेकिन कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। समझ नहीं आ रहा कि अभी खरीद लें या रेट कम होने का इंतजार करें।

## बिकवाली में नहीं रही रुचि, जल्द रेट बढ़ने की संभावना बन रही वजह

### बिकवाली में रुचि न लेना बन रहा कारण

रेट बढ़ने की अटकलें चांदी की बिकवाली में लोगों की कम रुचि का मुख्य कारण वैश्विक और राष्ट्रीय स्तर पर सराफा बाजार में बढ़ रही तेजी है। बीते कुछ महीनों में चांदी के दामों में लगातार इजाफा देखने को मिला है। नगर में भी चांदी का रेट 1 लाख 70 हजार रुपए प्रति किलोग्राम के स्तर पर है, जिसमें पिछले कुछ दिनों में तेजी दर्ज की गई है।

■ आम ग्राहक भी असमंजस में हैं। एक ग्राहक ने कहा कि चांदी के पायल लेने आए हैं, लेकिन कीमतें लगातार बढ़ रही हैं।




### ज्वेलर्स पर पड़ रहा है सीधा असर

चांदी की आपूर्ति में कमी का सीधा असर ज्वेलर्स के व्यापार पर पड़ रहा है। कई छोटे ज्वेलर्स के पास स्टॉक लगभग खत्म हो चुका है, जिससे वे ग्राहकों को मनचाहे डिजाइन नहीं दे पा रहे हैं। नए स्टॉक को ऊंचे दामों पर खरीदना पड़ रहा है, जिससे उनकी लागत बढ़ रही है। यदि आपूर्ति जल्द सामान्य नहीं होती है, तो आगामी त्योहारी सीजन में ग्राहकों को चांदी के गहनों के लिए जेब और ढीली करनी पड़ सकती है, वहीं ज्वेलर्स को भी व्यापार में मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है।

## घटना : मेकाहारा रायपुर में इलाज के दौरान युवक की मौत

# मामूली बात को लेकर चाकू से हमला, घायल युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

रास्ते से हटने की मामूली बात को लेकर हुए विवाद में तीन युवकों ने एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया। हमला इतना प्राणघातक था कि गंभीर तौर पर घायल युवक को पहले मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया जहां से उसकी स्थिति को देखते हुए तत्काल मेकाहारा रिफर किया गया। लेकिन, मेकाहारा में ईलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर उन्हें हिरासत में ले लिया है।



एडीशनल एसपी प्रतिभा पांडेय ने बताया कि बिरकोनी निवासी श्याम सुंदर ढीढी ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई कि उनका भाई मुकेश ढीढी (20) मनोरमा कंपनी में फीडर का काम करता था। शुक्रवार को वह काम कर वापस आ रहा था कि रात में घोड़ारी के पास महादेव रायपुर निवासी आर्यन सोनवानी, कुटेला आरंग निवासी राकेश मारकंडे व नदी मोड़ निवासी आकाश ध्रुव ने रास्ता रोककर रास्ते से हटने को लेकर विवाद किया। विवाद के दौरान उन्होंने मुकेश पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे उसके पेट, छाती व अन्य शरीर के हिस्से में गंभीर चोटें आई थी। एएसपी पांडेय ने बताया कि शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास की धारा 109, 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच में लिया गया था। मुकेश की इलाज के दौरान मौत की सूचना के बाद आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। हिरासत में लिए गए आरोपियों से पूछताछ जारी है।

### रेलवे स्टेशन के पास से अधिवक्ता की बाइक चोरी

**महासमुंद।** रेलवे स्टेशन की दीवार के पास खड़ी अधिवक्ता की बाइक चोरी हो गई। रिपोर्ट पर सिटी कोतवाली में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को अधिवक्ता नरेंद्र कुमार साहू ने बताया कि 9 अक्टूबर की शाम करीब 7 बजे वह रेलवे स्टेशन महासमुंद गया था तथा अपनी बाइक प्लेटिना सीजी 06 जीजी 4699 को रेलवे बाउंड्री के बाहर दीवार के किनारे खड़ी किया था, वापस लौटने पर उक्त स्थल पर बाइक नहीं थी। मामले में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 303(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### जमीन बिक्री की रकम को लेकर मारपीट

**महासमुंद।** पैतृक जमीन बिक्री की रकम को लेकर मारपीट करने वाले आरोपी के खिलाफ सरायपाली थाने में जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को लिमऊगुड़ा के हरीश कुमार निषाद ने बताया कि करीब 6 माह पूर्व उसके पिता और बड़े पिता जी परस राम निषाद ने मिलकर पैतृक जमीन लगभग 30 डिसमिल को गांव के दुर्लभ साहू के पास 3, 50, 000 रुपए में बेचा। इस बीच उसे पता चला कि उक्त बिक्री रकम को बड़े पिता का लड़का लकेश्वर निषाद जमीन खरीदने वाले दुर्लभ साहू से ले आया है। जिसके बाद वह 10 अक्टूबर की रात को करीब 8 अपने बड़े पिता के घर और लकेश्वर से रकम को लेकर पूछा, जिस पर गोलमोल जवाब देने और पैसा नहीं लाया हूं कहने पर दोनों के बीच विवाद हुआ। तब लकेश्वर निषाद ने कहा कि दुर्लभ साहू से पैसा ले आया हूं और जो करना है कर लो। इस पर प्रार्थी सरपंच के पास जाने के लिए निकला, तभी लकेश्वर निषाद ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए अपने हाथ में रखे एक बांस के डंडा से सिर में मार दिया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# जिले में दंतैल हाथी की दहशत, वन विभाग ने जारी किया हाई अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद



जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में एक बार फिर दंतैल हाथी के मूवमेंट से दहशत का माहौल है। वन विभाग ने हाथी की गतिविधियों को देखते हुए आसपास के गांवों के लिए हाई अलर्ट जारी किया है और ग्रामीणों को अत्यधिक सतर्क रहने की सलाह दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, एक दंतैल (नर) हाथी जिले के ग्राम गौरखेड़ा की बस्ती क्षेत्र से होकर गुज़रा और कक्ष क्रमांक 64 एवं 438 के जंगल की ओर प्रवेश कर गया है। हाथी के अचानक आबादी क्षेत्र के पास आने से ग्रामीण चिंतित हैं।

वन विभाग ने तत्काल कार्रवाई करते हुए गौरखेड़ा के साथ-साथ सोरिद, बनसिवनी, लोहारडीह, घोघीबहार, बंजारी, और कोडार गांवों के लिए हाई अलर्ट जारी किया है। एनएच -53 पर संभावित मूवमेंट, अतिरिक्त सतर्कता की सलाह हाथी की वर्तमान स्थिति और संभावित मूवमेंट को देखते हुए यह आशंका जताई गई है कि यह शनिवार सुबह-सुबह रायपुर से सरायपाली जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग-53 को पार कर सकता है। इसके मद्देनज़र, पिरदा, बिरबिरा, बांसकुड़ा, मालीडीह, गुडरुडीह, कुकराडीह, परसाडीह, लहंगर, मोहकम, खड़सा, और फुसेराडीह गांवों के निवासियों को भी विशेष रूप से सतर्क रहने को कहा गया है।

### वन विभाग की अपील सतर्क रहे

वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे किसी भी स्थिति में हाथी के पास जाने या उसे भगाने की कोशिश न करें। यह एक खतरनाक व्यवहार हो सकता है। विभाग ने बच्चों और मवेशियों को खुले में न छोड़ने की भी सख्त हिदायत दी है। किसी भी अप्रिय घटना या हाथी की गतिविधि की सूचना तुरंत वन विभाग या स्थानीय बीट गार्ड को देने के लिए कहा गया है ताकि समय पर कार्रवाई की जा सके और मानव-हाथी संघर्ष को रोका जा सके। वन अमला लगातार हाथी की गतिविधियों पर नज़र रखे हुए है।

## जिला मुख्यालय की सड़कें हो गई बदहाल



**महासमुंद।** शहर के भीतरी मार्ग काफी जर्जर हो चुके हैं। ओवरब्रिज निर्माण होने के बाद तुमगांव रोड कही जाने वाली यह सड़क काफी जर्जर हो चुकी है। गड्ढों की वजह से इस राह पर लोगों का चलना दुष्कर हो गया है। ओवरब्रिज निर्माण से आधे शहरवासियों को तो राहत मिली लेकिन, इस मार्ग पर अंबेडकर चौक से तुमगांव की ओर ओवरब्रिज के अंतिम छोर तक रहने वाले रहवासी खासे परेशान है। कई बार शिकायत और निवेदन के बाद भी इस रोड का जीर्णोध्दार कार्य नहीं किया जा रहा है।

### ग्राम पंचायत बांसकुडा के सचिव निलंबित, किशोर कुमार ध्रुव को सौंपा गया अतिरिक्त प्रभार

**महासमुंद।** पदीय कर्तव्यों के प्रति उदासीनता, लापरवाही और वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना के कारण चलते मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हेमंत नंदनवार द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत महासमुंद के प्रतिवेदन के आधार पर ग्राम पंचायत बांसकुड़ा के सचिव जगदीश ध्रुव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। ध्रुव द्वारा पंचायत कार्यालय में नियमित उपस्थिति नहीं दी जा रही थी तथा संपर्क करने पर भी वे जवाब नहीं देते थे। ग्राम पंचायत बांसकुड़ा आदिकर्मयोगी पंचायत होने के बावजूद, उनके द्वारा संबंधित कार्यों का निर्वहन नहीं किया गया और शासन की विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन भी प्रभावित हुआ। मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा जारी कारण बताओ सूचना पत्र का उत्तर भी समय पर प्रस्तुत नहीं किया गया। इन सभी कारणों से उनका कृत्य छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा आचरण नियम 1998 का उल्लंघन माना गया है। निलंबन अवधि में जगदीश ध्रुव का मुख्यालय कार्यालय जिला पंचायत महासमुंद निर्धारित किया गया है तथा उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्राप्त होगा। इसी आदेश के तहत किशोर कुमार ध्रुव ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम पंचायत छपोराडीह को ग्राम पंचायत बांसकुड़ा का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। ताकि, पंचायत के कार्य सुचारू रूप से संचालित हो सकें।

## भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष को काला झंडा दिखाने की थी तैयारी, पुलिस ने कांग्रेसियों को किया गिरफ्तार



**महासमुंद।** कवर्धा में युवक कांग्रेस कार्यकर्ताओं और कांग्रेसजनों के साथ कवर्धा में हुई गाली गलौच और झूमाझटकी की घटना के विरोध में युवक कांग्रेस कार्यकर्ता जिला मुख्यालय में भी भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष को काला झंडा दिखाने की तैयारी में थे। इसके पहले पुलिस को इस बात की भनक लग गई और पुलिस ने युंका कार्यकर्ताओं को सांकेतिक गिरफ्तारी की गई। बाद में इन्हें छोड़ दिया गया। युंका जिलाध्यक्ष अमन चंद्राकर ने बताया कि पहले उन्हें साथियों के साथ गिरफ्तार कर पटेवा थाना ले जाया गया। बाद में उन्हें रिहा कर दिया गया। उल्लेखनीय है कि कवर्धा में भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष के प्रवास के दौरान विरोध प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने काला झंडा दिखाया। जिसके बाद भाजयुमों के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेसियों और मीडिया कर्मियों के साथ गाली गलौच और झूमाझटकी और मारपीट जैसी घटना को अंजाम दिया।

### अज्ञात लोगों ने बाइक चालक से की मारपीट

**महासमुंद।** अज्ञात लोगों ने एक बाइक चालक को रोककर उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की। मामले में कोतवाली महासमुंद में अज्ञात लोगों के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर एक महासमुंद निवासी कमल पटेल 7 अक्टूबर की रात 9 बजे मनोरमा फैक्ट्री बिरकोनी से काम कर अपने मोटर सायकल से वापस आ रहा था। रात करीब 9 बजे तुमाडबरी रोड आत्मानंद स्कूल के पास दो व्यक्तियों हाथ दिखाकर रूकवाया और गाड़ी की चाबी निकालकर पैसे की मांग करने लगे। लेकिन पैसा नहीं देने पर अज्ञात लोगों ने फोन कर अपने एक अन्य साथी को भी बुलाया और तीनों ने मिलकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की। इन आरोपियों में से एक व्यनक्ति अपने पास रखे चाकू से मारने की कोशिश करने लगा। प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि वह किसी तरह बच गया और जान बचाकर अपनी मोटर सायकल को छोडकर भागते पेट्रोल पंप गया। मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

### भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन 13 को

**सरायपाली।** विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, आध्यात्म-विज्ञान एवं जीवन जीने की कला के साथ विविध सामान्य ज्ञान का बोध कराने के उद्देश्य से अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा प्रतिवर्ष देशभर के विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष की परीक्षा 13 अक्टूबर दिन सोमवार को 11:30 बजे से 1:00 बजे तक होगी।

## ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल का इंतजार, संबंधित विभाग भी उदासीन

# जल जीवन मिशन की धीमी रफ्तार: लक्ष्य से पिछड़ाव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना, जिसका उद्देश्य हर ग्रामीण घर तक नल से जल पहुंचाना है, जिले में धीमी गति और निर्धारित लक्ष्यों से पीछे रहने के कारण सवालों के घेरे में है। उपलब्ध आंकड़ों से पता चलता है कि पिछले दो वर्षों से जिले में योजना का क्रियान्वयन सुस्त पड़ गया है, जिससे हजारों ग्रामीण परिवारों को अभी भी शुद्ध पेयजल के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। जिले के विभिन्न विकासखंडों में भी लक्ष्य प्राप्ति की दर 80 से 84 प्रतिशत के बीच सिमटी हुई है, जो बताती है कि समग्र जिले में कार्य की गति एक समान रूप से धीमी है। जिले में कुल 1118 गांवों में पानी टंकी और घरेलू नल कनेक्शन प्रदान करने का लक्ष्य है, जिनमें से अब तक 279 गांवों में ही शत-प्रतिशत जल पहुंचाया जा सका है। इसका मतलब है कि 800 से अधिक गांव अभी भी पूरी तरह से योजना के लाभ से वंचित हैं। केवल समय सीमा बढ़ाने और आश्वासन देने से लक्ष्य पूरा नहीं होगा। आवश्यकता है कि प्रशासन ठेकेदारों के कार्यों की लगातार और सख्ती से निगरानी करे, असफल बोर के लिए वैकल्पिक और दीर्घकालिक जल स्त्रोतों जैसे नदी-आधारित योजनाएं की खोज करे, और उन गांवों की पहचान कर प्राथमिकता दे, जहां अभी तक शून्य प्रतिशत कार्य हुआ है। जल जीवन मिशन जैसी जनकल्याणकारी योजना की धीमी गति न केवल सरकारी धन के सदुपयोग पर सवाल उठाती है, बल्कि ग्रामीणों के मौलिक अधिकार, स्वच्छ पेयजल को भी प्रभावित करती है। जिले को यह सुनिश्चित करना होगा कि हर घर जल का सपना जल्द से जल्द धरातल पर उतरे।

### लक्ष्य और वर्तमान स्थिति

जिले में कुल 2 लाख 41 हजार 716 घरों में घरेलू नल कनेक्शन प्रदान करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अब तक, 2 लाख 847 घरों में कनेक्शन पहुंचाए गए हैं, जो लक्ष्य का लगभग 83 प्रतिशत है। हालांकि, यह प्रतिशत संतोषजनक लग सकता है, लेकिन योजना की प्रगति का वार्षिक विश्लेषण चिंताजनक तस्वीर पेश करता है।

### धीमी गति के मुख्य कारण

पिछले दो वर्षों में कार्य की गति बहुत धीमी हुई है, जैसा कि वार्षिक कनेक्शन संख्या दर्शाती है। यह ठेकेदारों की लापरवाही, प्रशासनिक विलंब या सामग्री की कमी का संकेत हो सकता है। असफल बोर योजना के कार्यान्वयन में एक बड़ी बाधा कई गांवों में बोर का असफल होना है। बोर असफल होने के कारण जल स्त्रोत की समस्या उत्पन्न होती है, और बिना पर्याप्त जलस्त्रोत के पानी को घर-घर तक पहुंचाना असंभव हो जाता है।

### जिला हैंडबॉल संघ के 12 हैंडबॉल खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ



**महासमुंद।** जिला हैंडबॉल संघ के कोच एवं सचिव सैयद इमरान अली ने बताया कि महासमुंद में विगत दिनों आयोजित संभाग स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करने के आधार पर महासमुंद से 12 खिलाड़ियों का चयन किया गया। चयनित खिलाड़ियों में बालक लोकेश चौहान, हनी बेलदार, मनीष यादव, पुष्कर साहू, कान्हा ध्रुव, अक्षत स्वामी, दीपांशु दुबे, बालिका ईरम फातिमा, श्रुति निषाद, रामेश्वरी यादव, शीतल सिन्हा, ईश्वरी साहू सभी खिलाड़ी 10 से 13 अक्टूबर कबीरधाम में आयोजित राज्य स्तरीय स्कूल हैंडबॉल बालक/बालिका 19 वर्ष प्रतियोगिता में रायपुर जोन के कोच सैयद इमरान अली नेतृत्व में महासमुंद जिला की ओर से रायपुर जोन का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस अवसर पर योगेश्वर राजू सिन्हा विधायक महासमुंद एवं प्रदीप चंद्राकर अध्यक्ष जिला हैंडबॉल संघ महासमुंद ने चयनित सभी हैंडबॉल खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में स्थान पाने की शुभेच्छा जताई है।

**खबर संक्षेप**



## बालिका स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर हुई परिचर्चा

**महासमुंद।** शासकीय आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय बालिका दिवस पर प्राचार्य जीआर सिन्हा के मार्गदर्शन में बालिका स्वास्थ्य तथा स्वच्छता पर परिचर्चा आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य समिति की ओर से डा. उत्तम दीवान, रामगोपाल खुंटे, मेघा ताम्रकार, कविता चंद्राकर तथा नम्रता साहू द्वारा मानसिक स्वास्थ्य, नशामुक्ति, किशोरियों की व्यक्तिगत स्वच्छता, पौष्टिक तथा संतुलित आहार और रक्त अल्पता जैसे विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन पूजा साहू तथा आभार प्रदर्शन तोषण गिरि गोस्वामी ने किया। कार्यक्रम में संजय मांझी, आशीष देवांगन, देवेंद्र कुमार शर्मा, खोमन चंद्राकर, अनिता साहू, ज्योति किरण चंद्राकर, खेमलता कंवर, तपस्या शर्मा, दुर्गेश नंदिनी यदु, बेला मारू, तुलसी राम साहू सहित समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा।

## स्कूल में तंबाखू नियंत्रण जागरुकता कार्यक्रम हुआ

**महासमुंद।** राष्ट्रीय तंबाखू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत बृजराज मिडिल स्कूल में मेघारानी ताम्रकर साइकोलॉजिस्ट काउंसिलर जिला चिकित्सालय द्वारा तंबाखू उत्पाद के सेवन से होने वाले दुष्प्रभाव को पीपीटी के माध्यम से बड़े ही रोचक ढंग से छात्रों को समझाया। उन्होंने धूम्रपान के प्रकार तंबाखू में मिले हुए खतरनाक तत्व से होने वाले गंभीर बीमारियों के बारे में बताया। शाला के प्रभारी नरेश साहू ने बच्चों को सभी प्रकार के नशे से दूर रहने व उसके दुष्परिणाम को प्रेरक प्रसंग प्रस्तुत कर समझाया। सभी ने नशा नहीं करने व दूसरों को भी नशा छुड़वाने का संकल्प लिया।

### चर्चा : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जीवनदीप समिति की हुई बैठक

# स्वास्थ्य सेवा केवल एक सुविधा नहीं बल्कि नागरिकों का मौलिक अधिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

- विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने की स्वास्थ्य सुविधाओं की समीक्षा, मरीजों की संतुष्टि को बताया सर्वोच्च प्राथमिकता



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिथौरा में शुक्रवार को जीवनदीप समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्रीय विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने की। इस दौरान उन्होंने अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, जनसंतोष और बुनियादी सुविधाओं की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की।

बैठक के एजेंडा में आय-व्यय का विवरण, आपातकालीन कक्ष का निर्माण, जैव अपशिष्ट प्रबंधन के लिए निकासी मार्ग निर्माण, सफाई कर्मचारियों की अनुशासनहीनता, एमसीएच बिल्डिंग के ड्रेनेज व सीपेज, मेन गेट पर काऊकैचर रिपेयरिंग, बीएमडब्ल्यू साइड पर फ्लोरिंग एवं गेट निर्माण, जीवन रक्षक दवाइयों की पूर्ति हेतु खरीदी तथा सीएचसी एवं एमसीएच बिल्डिंग में आवश्यक मरम्मत कार्य जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि मनमीत छाबड़ा ने बैठक में कई महत्वपूर्ण स्थानीय मुद्दे उठाए। उन्होंने कहा कि मरीजों को अस्पताल में गुणवत्ताहीन भोजन परोसा जा रहा है, साथ ही परिसर में प्राइवेट एंबुलेंस के संचालकों द्वारा निजी अस्पतालों से कमीशनखोरी की शिकायतें मिल रही हैं। उन्होंने अस्पताल परिसर में बाइक पार्किंग की अव्यवस्था से होने वाली परेशानी का भी उल्लेख किया।

छाबड़ा ने बताया कि स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर की अनुपस्थिति के कारण अस्पताल में डिलीवरी और नसबंदी जैसे महत्वपूर्ण कार्य बंद पड़े हैं। उन्होंने इस संबंध में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर की शीघ्र पदस्थापना की मांग रखी, जिसे विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने गंभीरता से लिया और शीघ्र पदस्थापना के लिए आवश्यक निर्णय लेने की घोषणा की, ताकि क्षेत्र की महिलाओं को सिज़ेरियन डिलीवरी एवं नसबंदी जैसी सेवाओं के लिए बाहर न जाना पड़े।

विधायक डॉ. अग्रवाल ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा केवल एक सुविधा नहीं, बल्कि नागरिकों का मौलिक अधिकार है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मरीज को समय पर, गुणवत्तापूर्ण और सम्मानजनक चिकित्सा सेवा मिलनी चाहिए। ओपीडी व्यवस्था, दवा उपलब्धता और आपातकालीन सेवाओं में किसी प्रकार की कमी न रहे, यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि मरीजों की संतुष्टि हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है, और जीवनदीप समिति के सदस्यों से आग्रह किया कि वे अस्पताल की व्यवस्था का निष्पक्ष मूल्यांकन करते हुए सुधार के ठोस सुझाव दें। बैठक में विधायक अग्रवाल ने अस्पताल में कार्यरत सफाई कर्मचारियों के वेतन में 1000 रुपए की वृद्धि की घोषणा की, जिससे कर्मचारियों में उत्साह का माहौल रहा।

हरिभूमि से चर्चा में विधायक ने कहा कि पिथौरा जैसे ग्रामीण क्षेत्र में भी शहर जैसी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना उनका दीर्घकालिक लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है और चरणबद्ध रूप से संसाधनों का विस्तार, मानव संसाधन की मजबूती तथा तकनीकी उन्नयन पर कार्य किया जा रहा है। और इस अस्पताल में जल्द ही स्त्री रोग विशेषज्ञ कि पदस्थापना किये जाने कि बात कही।

बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष देवेश निषाद, जनपद अध्यक्ष ऊषा पुरुषोत्तम धृतलहरे, जनपद उपाध्यक्ष ब्रम्हानंद पटेल, जिला पंचायत सदस्य रामदुलारी सीताराम सिन्हा, सांसद प्रतिनिधि मनमीत छाबड़ा, विधायक प्रतिनिधि अनूप अग्रवाल, रविंदर आजमानी, जनपद सदस्य पुरुषोत्तम धृतलहरे, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य स्वप्निल तिवारी, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष विजय नायक, विधायक प्रतिनिधि विजय राज पटेल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य आलोक त्रिपाठी, एवं वरिष्ठ भाजपा नेता सीताराम सिन्हा एवं अन्य उपस्थित रहे।



## सीसी रोड भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक

**महासमुंद।** गुरुवार को विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा शहर के वार्ड क्रमांक 22 में सीसी रोड के भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। विधायक सिन्हा एवं अन्य अतिथियों ने विधि विधान से पूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। अब उक्त स्थान में सीसी रोड बनेगा और वार्डवासियों को इसका लाभ मिलेगा। इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि हमारी डबल इंजन की सरकार सड़क, बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त करने का कार्य कर रही है। लोगों को साफ पानी मिले, सभी क्षेत्र में बिजली की व्यवस्था हो और हर ग्राम तक पक्की सड़क हो इसका पूरा प्रयास किया जा रहा है। इसी उद्देश्य से गांव एवं शहर में आवश्यकतानुसार रोड निर्माण कार्यों को स्वीकृति दी जा रही है। इससे आमजन को होने वाली समस्याओं से छुटकारा मिलेगा। खासकर बरसात के दिनों में कच्ची रास्तों में आवागमन करने से काफी दिक्कतें होती है। इसलिए सड़कों को पक्की सड़क बनाने का कार्य किया जा रहा है। आगे कहा कि हमारी सरकार किसान, मजदूर, महिलाओं, युवाओं सभी वर्ग की है। किसानों के उपज को उचित मूल्य पर खरीदी की जा रही है। प्रदेश में किसान खुशहाल हो रहा है। महिलाओं के लिए महतारी वंदन योजना संचालित की जा रही है, जिससे उन्हें आर्थिक मजबूती मिल रही है। युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। प्रदेश नक्सल मुक्त होने की राह में है। आए दिन नक्सली सरेंडर कर मुख्य धारा में वापस लौट रहे हैं। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू, उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पवन पटेल, नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष हरवंश सिंह, वार्ड पार्षद चंद्रशेखर बेलदार, अन्य पार्षदगण शुभ्रा शर्मा, भाऊराम साहू, पीयूष साहू, धनेंद्र चंद्राकर, जितेंद्र ध्रुव, जय देवांगन, माखन पटेल सहित भाजपा नेता मनीष शर्मा, शरद राव व वार्डवासी उपस्थित थें।



## अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर बालिकाओं का हुआ सम्मान

**भंवरपुर।** अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर छत्तीसगढ़ राज्य मानस संगठन के पदाधिकारियों द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला लोहड़ीपुर में मां सरस्वती की पूजा अर्चना के पश्चात बालिकाओं का सम्मान किया गया। बालिकाओं का तिलक वंदन लगाकर स्वागत सत्कार किया गया। पश्चात छत्तीसगढ़ राज्य मानस संगठन के जिला उपाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार चौहान द्वारा उद्बोधन किया गया। उसके बाद ब्लाक संरक्षक लहाराम कर्ष द्वारा कहानी के माध्यम से बच्चों को संबोधन किया गया। इस बीच ग्राम पंचायत लोहड़ीपुर के उपसरपंच प्रतिनिधि उसत कुमार टंडन ने अपने विचार रखें। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप कुमार साव सहायक शिक्षक ने किया। कार्यक्रम में बालिकाओं का सम्मान कॉपी एवं पेन देकर किया गया। अंत में मिष्ठान वितरण किया गया। इस अवसर पर प्राथमिक शाला लोहड़ीपुर के प्रधान पाठक पुष्पलता साव, स्वयंसेवक शिक्षिका सुमित्रा मानिकपुरी एवं स्कूल के सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## प्रशिक्षण शिविर में छात्राओं ने दी रंगारंग प्रस्तुति

**महासमुंद।** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा महासमुंद के तत्वावधान एवं कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में सिरपुर में 10 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक आयोजित जिला स्तरीय जूनियर रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर में जिलेभर के विद्यालय से पहुंचे रेडक्रॉस के स्वयं सेवक शिविर का लाभ ले रहे है। इसी कड़ी में संध्याकालीन आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के अन्तर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी के छात्राओं द्वारा आकर्षक छत्तीसगढ़ी नृत्य प्रस्तुत किया गया। इसके मार्गदर्शक रेडक्रॉस प्रभारी व्याख्याता परस राम सिन्हा एवं सहायक शिक्षक मौसमी चंद्राकर रहे। नृत्य में पुष्पा जांगड़े, टिवंकल महिलांग, मंदाकिनी वास, तारिणी, पूजा यादव, आरती निषाद, मंजु चतुर्वेदी, अनामिका यादव शामिल रहे।

## अंग्रेजी में नाम लिखना नहीं जानते सरकारी स्कूल के बच्चे, सामाजिक अंकेक्षण केवल खानापूर्ति : अमर

**महासमुंद।** जिला पंचायत के पूर्व सभापति अमर अरुण चंद्राकर ने कहा कि पहले तो युक्तियुक्तकरण के नाम पर शासकीय स्कूलों का शिक्षण व्यवस्था को बर्बाद कर दी गई। अब सरकार द्वारा शिक्षा गुणवत्ता में सुधार लाने सामाजिक अंकेक्षण किया जा रहा है, जो पूरी तरह फ्लॉप साबित हो रही है। सरकारी स्कूलों में हालात यह है कि सरकारी स्कूलों के प्राथमिक स्तर के बच्चे अंग्रेजी में अपना नाम तक नहीं लिखना जानते। कई स्कूलों में युक्तियुक्तकरण के बाद भी शिक्षकों ने ज्वाइनिंग नहीं लिया। 4 दिन पहले ही भावा प्राथमिक शाला में यह स्थिति देखने को मिली। यहां एक मात्र शिक्षक को सामाजिक अंकेक्षण कार्य में लगा दिया गया। इससे स्कूल पूरी तरह शिक्षकविहीन हो चुका था। इससे नाराज ग्रामीणों ने स्कूल में तालाबंदी कर दी। यहां युक्तियुक्तकरण के बाद जिस महिला शिक्षक को नियुक्त किया गया था, उन्होंने महज 14 दिन ही ड्यूटी की। उसके बाद नो पेमेंट नो वर्क के आधार पर महीनों से स्कूल से गायब रही। यही नहीं मानपुर मिडिल स्कूल में भी शिक्षक की भारी लापरवाही देखने को मिली। यहां आए दिनों शिक्षक द्वारा शराब सेवन कर स्कूल पहुंचने की खबरें सोशल मीडिया में जमकर वायरल हुई थी। उक्त शिक्षक पर अब तक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई। शासन शराबी शिक्षकों को संरक्षण देकर उन्हें मनमानी करने की छूट विभागीय अधिकारियों के माध्यम से दे रही है। सामाजिक अंकेक्षण के माध्यम से शिक्षक, पालकों तथा बच्चों में शिक्षा गुणवत्ता सुधार की बातें कही जा रही है। लेकिन, यह सब केवल खानापूर्ति ही साबित हो रही है। अमर ने कहा कि तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने शिक्षा की अच्छी गुणवत्ता के लिए आत्मानंद स्कूल खोले और शिक्षकों की भर्ती की। अब ऐसा समय आ गया है कि विद्यालयों से शिक्षक हटाए जा रहे हैं। और इससे सीधा-सीधा उन गरीब परिवार के बच्चों पर असर पड़ रहा है, जो कि अपनी शिक्षा के लिए शासकीय विद्यालयों पर निर्भर रहते हैं। भाजपा की सरकार में शिक्षा मंत्री रहते वर्तमान रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने घोषणा की थी कि 33 हजार शिक्षकों की भर्ती किया जाएगा। लेकिन, उनकी घोषणा महज घोषणा ही बनकर रह गया।

# छग गौ सेवा आयोग में बसना ब्लॉक अध्यक्ष बने नंदकिशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भंवरपुर

- अध्यक्ष और सदस्य 3 साल के लिए संभालेंगे जिम्मेदारी



गौ-सेवा आयोग द्वारा जिले के बसना विकासखंड से विभिन्न हिंदुत्व संगठनों में सक्रिय नंदकिशन साव अरेकेल को ब्लॉक अध्यक्ष पद पर नियुक्ति किया गया है। साथ में अभिषेक दास अरेकेल, नीरज दास बसना, आकाश सेंदरिया बसना, प्रदीप ठाकुर बसना, ललित साहू पिरदा को ब्लॉक के पांच सदस्यों के दल में नियुक्ति हुई है। अध्यक्ष और सदस्य 3 साल के लिए जिम्मेदारी संभालेंगे। कमेटी में अध्यक्ष और 5-5 सदस्यों की नियुक्ति की गई है। ये ब्लॉक समितियां गौशालाओं के पंजीकरण, पर्यवेक्षण, जैविक खेती और गौशाला प्रबंधन की मॉनिटरिंग करेगी। गौ तस्करों पर नजर रखेगी।

**हर महीने होगी बैठक**

आदेश के अनुसार जिला स्तरीय गौ सेवा समिति हर 2 महीने में और ब्लॉक स्तरीय समिति हर महीने बैठक करेगी। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष करेंगे। उनकी अनुपस्थिति में सदस्यों में से कोई एक अध्यक्षता कर सकता है। बैठक का आयोजन और व्यवस्थापन समिति के सचिव करेंगे।

**नई गौशाला शुरू कराने में अहम भूमिका**

जिला और ब्लॉक स्तरीय समितियों के माध्यम से गौशालाओं के निरीक्षण, अनुदान वितरण, इंफ्रास्ट्रक्चर की स्थिति, पोषण और पशुधन स्वास्थ्य की जानकारी गो सेवा आयोग को प्रस्तुत की जाएगी। इसके अलावा गौशाला पंजीयन आवेदन विकासखंड समिति की अनुशंसा और जिला स्तरीय समिति की मंजूरी के बाद अनुमोदित होगा। इसका मतलब है कि नई गौशाला शुरू कराने में इन समितियों की अहम भूमिका होगी। इन समितियों की नई गौशाला शुरू कराने में अहम भूमिका होगी।

## बिरकोनी में सरपंच ने बालिकाओं का किया सम्मानित

**बिरकोनी।** शासकीय नवीन कन्या पूर्व माध्यमिक शाला बिरकोनी संकुल केंद्र में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया।



जिसमें प्रमुख रूप से सरपंच चंदन चंद्राकर, उपसरपंच गिरीश चंद्राकर एवं पूर्व सरपंच ताम्रध्वज निषाद व पंच तुकेश साहू मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सरपंच चंद्राकर ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना व फूल माला अर्पित कर किया। सरपंच ने बालिकाओं के तिलक लगाकर स्वागत किया। उन्होंने सभी बालिकाओं को पेन और कापी भेंटकर सम्मानित किया। सरपंच चंदन ने समाज में बेटियों के महत्व पर प्रेरक सम्बोधन देते हुए बताया कि बालिकाओं को शिक्षा और प्रगति के समान अवसर देंगे। और उनकी सुरक्षा व सशक्तिकरण के लिए सदैव प्रयासरत रहेंगे। बालिकाओं के शिक्षा व अधिकार से संबंधित चर्चा की गई। इस अवसर पर प्रधान पाठक योगेश्वर गिरी गोस्वामी, देवचरण साहू, शैल सोनवानी, द्रोपती दीवान, रचना साहू, शारदा जोशी, मेघा ध्रुव, संगीता साहू, धनेश्वरी प्रजापति, अनंत कुमार ध्रुव, मुकेश कुमार प्रजापति आदि मौजूद रहे।

**आम सूचना**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम अछोली, प.ह.नं. 31, रा.नि.मं. तुमगांव, तहसील व जिला महासमुंद में स्थित अचल संपत्ति भूमिस्वामी हक कीभूमि खसरा नंबर 84/4, 85/9, 84/1, 84/2, 84/3, 90, 89/2, 89/1 तथा 86 कुल रकबा 1.97 हेक्टेयर जिसमें से 0.49 हेक्टेयर भूमि फर्शी पत्थर उत्खनन हेतु वर्ष 2042 तक लीज पर प्राप्त है। उपरोक्त सभी भूमिस्वामी हक की जमीन परिवार के कर्ता श्री कोमन पिता श्री सोनू राम जाति तेली, ग्राम अछोली के नाम से दर्ज है। परिवार के कर्ता श्री कोमन के पुत्र राधेश्याम साहू के नाम पर खसरा नंबर 914/2 रकबा 0.1400 हेक्टेयर (15064 वर्गफुट ) उद्योग हेतु परिवर्तित भूमि है, जो फर्म साक्षी ब्लेक स्टोन के नाम से संचालित है । खसरा नंबर 914/6 रकबा 0.1500 हेक्टेयर (16140 वर्गफुट) उद्योग हेतु परिवर्तित भूमि है जो फर्म कृष्णा ब्लेक स्टोन के नाम से संचालित है। एवं वाहन टाटा एल.पी. के. क्रमांक CG06 GR 6134 एवं वाहन टाटा एल.पी. के. क्रमांक CG06 GR 6918 परिवार के कर्ता कोमन के नाम से दर्ज हैं। उपरोक्त सभी संपत्तिकर्ता कोमन पिता सोनूराम साहू के स्वामित्व एवं कब्जे की जमीन को मेरे पक्षकार द्वारा खरीदने का पक्का सौदा एक करोड़ पंचानबे लाख रुपया में कर बयाना पेट बीस लाख रुपय एवं कोमन साहू के मांग करने पर दिनांक 06/01/2025 एवं 07/01/2025 को कोमन साहू एवं कृष्ण फारसी पत्थर के नाम से उसके बैंक अकाउंट में कुल बीस लाख रुपय जमा किया गया है। बकाया विक्रय मूल्य राशि प्राप्त कर विक्रय पत्र का पंजीयन बाकी है. इस संबंध में पक्षकारों द्वारा दिनांक 03.10.2024 को अचल संपत्ति का सौदा पत्र भी निष्पादित किया जा चुका है.

विक्रय पत्र के पंजीयन के पूर्व विक्रेता कोमन पिता सोनू राम साहू से बैंक लोन एकाउंट क्लीयरेंश/बिजली बिल क्लीयरेंश / लगान भुगतान का क्लीयरेंश/खदान के रायल्टी का क्लीयरेंश / परिवर्तित भूमि सहित सभी जमीन का सीमांकन का रिपोर्ट एवं उसके लगान का क्लीयरेंश सर्टिफिकेट प्राप्त कर विक्रय मूल्य का बकाया पैसा अदा कर पंजीयन करना बकाया है। विक्रेता कोमन साहू द्वारा उपरोक्त दस्तावेज अभी तक क्रेता को नहीं दिया गया है। मेरा पक्षकार कोमन लाल साहू विक्रेता को दस्तावेज प्रदान करने के लिए मौखिक एवं सुचना पत्र द्वारा भी मांग कर चूका है किन्तु विक्रेता द्वार अभी तक उपरोख्त दस्तावेज को नहीं दिया गया है जिससे विक्रय शुदा सम्पति की भार्मुक्तता की जाच किया जा सके । क्रेता को यह भी जानकारी हुए है की विक्रेता उपरोक्त सम्पति को अन्य व्यक्ति के पास बेचना चाहता है जो विक्रेता का आपराधिक कृत्य होगा ।

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भूमि संपत्ति को कोई भी व्यक्ति अथवा संस्था नहीं ख़रीदे। यह जमीन पूर्व से ही विक्रय हेतु अनुबंधित है । अत कोई व्यक्ति उक्त सम्पति ना ख़रीदे एवं उपरोख्त सौदा के अंतरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संबंधितों, वित्तीय संस्था, बैंक, शासकीय अर्धशासकीय कार्यालय एवं विभाग, निगम, प्राधिकरण, अधिकरण, गृह निर्माण समिति या अन्य किसी को भी यदि किसी प्रकार की आपत्ति, उजर या उनका कोई हक, दावा इत्यादि उक्त भूमि संपत्ति के संबंध में हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर मेरे कार्यालय या निम्न पते पर मय दस्तावेजी साक्ष्य के लिखित में प्रस्तुत करे. अन्यथा बाद म्याद मेरा पक्षकार उक्त भूमि संपत्ति का बैनामा का निष्पादन व पंजीयन अपने पक्ष में करवा लेवेगा, बाद म्याद प्रस्तुत आपत्ति, उजर या हक, दावा अवैध व शून्य समझी जावेगी. मेरे पक्षकार द्वारा उक्त संपत्ति खरीदने का सौदा किया जा चुका है एवं पर्याप्त राशि भी विक्रय मूल्य पेटे अदा की जा चुकी है. यदि कोई व्यक्ति, समूह, संस्था उक्त संपत्ति को खरीदता है तो उसे किसी भी प्रकार का हक, स्वत्व अथवा कब्जा प्राप्त नहीं होगा.

अतः सूचना जाने।

रायपुर (छ.ग.) दिनांक 11/10/2025
जे. के. शर्मा, कान्हा शर्मा, अधिवक्ता
पता - लीला सदन, शुक्ला कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
मो. नं. 7999600301, 8717845999

## भाजपा सहयोग केंद्र में मंत्रियों की तिथिवार उपस्थिति, कार्यकर्ताओं को मिलेगा मार्गदर्शन

**महासमुंद।** भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के सहयोग केंद्र में आगामी सप्ताह मंत्रियों की तिथिवार उपस्थिति सुनिश्चित की गई है। इस दौरान जिले के कार्यकर्ता व पदाधिकारी निर्धारित समय पर उपस्थित होकर मंत्रियों से सीधे संवाद और मार्गदर्शन प्राप्त कर सकेंगे। जिलाध्यक्ष येतराम साहू ने जानकारी बताया कि कि पंजीयन का समय दोपहर 01 बजे से 02 बजे तक रहेगा। जबकि, मंत्रियों से मुलाकात का समय दोपहर 02 बजे से सायं 05 बजे तक निर्धारित किया गया है। पंजीयन की संपूर्ण व्यवस्था सहयोग केंद्र प्रभारी सच्चिदानंद उपासने के पास रहेगी। स्थान प्रदेश भाजपा कार्यालय, कुशाभाऊ ठाकरे परिसर, रायपुर (छत्तीसगढ़) है। ओपी चौधरी (मंत्री, वित्त वाणिज्य कर आवास एवं पर्यावरण) 13 अक्टूबर सोमवार। अरुण साव (उपमुख्यमंत्री, पीडब्ल्यूडी, पीएचई, नगरी प्रशासन एवं खेल युवा कल्याण) 14 अक्टूबर मंगलवार। श्याम बिहारी जायसवाल (मंत्री, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण) 15 अक्टूबर बुधवार। लक्ष्मी राजवाड़े (मंत्री महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण विभाग) 16 अक्टूबर गुरुवार एवं विजय शर्मा (उप मुख्यमंत्री, गृह जेल पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग) 17 अक्टूबर शुक्रवार। जिलाध्यक्ष येतराम साहू ने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया है कि वे निर्धारित समय का पालन करते हुए सहयोग केंद्र पहुंचकर मंत्रियों से मिलें तथा संगठनात्मक और जनहित के विषयों पर मार्गदर्शन प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि यह पहल संगठन को मजबूत करने और जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

# बंसुला परिक्षेत्र साहू संघ के चुनाव में उमेश अध्यक्ष, मोहन उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भंवरपुर

- मोगरा महिला उपाध्यक्ष, मोहिनी संगठन सचिव, योगेश्वर साव परिक्षेत्र संगठन सचिव निर्वाचित



छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ 33/61 से संबद्ध परिक्षेत्र बंसुला साहू संघ का निर्वाचन जन्मजय साव संरक्षक तहसील साहू संघ बसना के अगुवाई में पिथौरा विखं के ग्राम पंचायत भवन पथरला में शांतिपूर्ण हुआ। जिसमें बंसुला परिक्षेत्र के 34 गांव के कुल 130 साहू महिला पुरुष मतदाताओं ने मतदान में भाग लिया। मत पत्रों की गिनती पश्चात उमेश साव अध्यक्ष, मोहन साव उपाध्यक्ष, मोगरा वेदकुमार साव महिला उपाध्यक्ष, मोहिनी रूपानंद साव परिक्षेत्र संगठन सचिव, योगेश्वर साव परिक्षेत्र संगठन सचिव निर्वाचित हुए। उम्मीदवारों के मत पत्रों की गिनती के घोषणा होने के शाम तक डटे हुए थे। अपने चहेते प्रत्याशियों की जीत पर झूम उठे। सभी जीते समाज सेवकों ने बोहारपार स्थित भक्तिन माता कर्मा देवी के मंदिर में माथा टेक कर समाज के लोगों की खुशहाली की कामना की।

संरक्षक जन्मजय साव ने कहा कि परिक्षेत्र साहू संघ बंसुला के निर्वाचित समस्त पदाधिकारियों द्वारा युवक-युवती परिचय सम्मेलन, सामूहिक विवाह सम्मेलन और माता कर्मा जयंती जैसे विभिन्न प्रकार के सामाजिक सम्मेलन आयोजित कर समाज को जगाएंगे, जिनका उद्देश्य समाज की एकता, विवाह जैसे सामाजिक कार्यों और समाज सुधार पर भागीदारी रहेगी।

**न्यायालय तहसीलदार महासमुंद, जिला महासमुंद (छ.ग.)**

रा.मा.क्र. 202510120600005
अ-6 अ वर्ष 2025-26
ग्राम बिरकोनी प.ह.नं.-33
तहसील व जिला महासमुंद

// ईश्तहार //

एतद द्वारा सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक नवीन चोपड़ा पिता ज्ञानचंद चोपडा निवासी शैलेन्द्र नगर रायपुर के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम बिरकोनी प.ह.नं. 33 रा.नि.मं. तुमगांव तहसील व जिला महासमुंद में स्थित भूमि खसरा नंबर 683/2 रकबा 0.21 हे. भूमि राजस्व रिकार्ड में नवीन पिता ज्ञानचंद चोपड़ा के नाम पर दर्ज चला आ रहा है। उक्त भूमि खरीदी हक से प्राप्त किया गया है उक्त भूमि राष्ट्रीय राजमार्ग से लगकर है नक्शे में गलत बटांकन दिखा रहा है। आवेदक के द्वारा नक्शा बटांकन कर नक्शा दुरूस्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। उपरोक्त संबंध में किसी को कोई दावा, आपत्ति हो तो वह दिनांक 24/10/2025 तक न्यायालय में स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से स्वयं या अपने प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है, उक्त नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 03/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
महासमुंद (छ.ग.)

# अंचल के दो शिक्षक मलिक व सतपथी के निधन से शोक की लहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

अंचल में कबड्डी खेल को राष्ट्रीय स्तर तक पहचान दिलाने वाले राष्ट्रीय स्तर के रेफरी ध्रुव मलिक जब मैच के दौरान रेफरशिप करते थे तो उनके सिटी की आवाज से मालूम चल जाता था कि प्लेयर सामने वाले टीम के कितने खिलाड़ी को आउट करके आया है। पूर्व में शंकर मेडिकल द्वारा जब कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता था, तब मलिक मुख्य रेफरी रहते थे, फुलझर सेवा समिति द्वारा आयोजित खेलकूद कार्यक्रम कबड्डी में आप मुख्य रेफरी रहते थे एवं अंचल में उनके प्रयास से ही अंतरराज्यीय कबड्डी प्रतियोगिता गांव गांव में शुरू हुई। साथ ही रिटायरमेंट के बाद भी इतना फिट रहते थे कि कबड्डी प्लेयर से भी ज्यादा मैदान कोर्ट में दौड़ लगाते थे। अंचल का कबड्डी जगत अब उनके बिना पूरा सुना हो गया।

वहीं योगेश्वर सतपथी निवासी तोषगांव के प्राइमरी स्कूल में पढ़ाते थे। ज्ञात हो कि इंग्लिश का इनको इतना गहन नॉलेज था कि आसपास हमारे सरायपाली अंचल में किसी का नौकरी का कोई कॉल लेटर आता था या आर्मी सेना में ज्वाइनिंग का कोई लेटर आता था या मेडिकल पीएमटी पीईटी परीक्षा का फॉर्म भरना रहता था, तब इनके पास जाकर पूछते थे, अंग्रेजी के ज्ञाता व विद्वान थे। इनका पूरा जीवन सादा जीवन उच्च विचार के रूप में व्यतीत हुआ। बहुत ही अनुशासित एवं सादकी पूर्व रहते थे।

ईमानदारी की प्रतिमूर्ति थे। ग्राम तोषगांव के एक्स आर्मी मैन डडसेना ने गांव के एक व्हाट्सएप ग्रुप में अपने शोक संदेश में लिखा कि जब उनका आर्मी में चयन हुआ था तो सतपथी ने ही उनका ज्वानिंग लेटर को पढ़कर बताया था कि आर्मी में उनका चयन हुआ है।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By Sri Sri Tattva Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज़
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# विधायक चातुरी के प्रयास से 140 करोड़ की मंजूरी, नगर में होंगे विकास कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिलने जा रही

- अमृत मिशन 2.0 के तहत नगर के समग्र विकास की योजनाओं को मिली तकनीकी मंजूरी
- विधायक चातुरी नंद ने मुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन मंत्री और विभागीय सचिव से लगातार की थी मांग

है। क्षेत्र की सक्रिय विधायक चातुरी नंद के निरंतर प्रयासों और सक्रिय पहल के परिणामस्वरूप लगभग 140 करोड़ की बड़ी राशि को केंद्र सरकार की अमृत मिशन 2.0 योजना के तहत स्वीकृति मिल गई है। राज्य शहरी विकास अभिकरण छत्तीसगढ़ द्वारा जारी आदेश के अनुसार यह राशि सरायपाली नगर पालिका क्षेत्र के लिए तकनीकी रूप से स्वीकृत की गई है। इस स्वीकृति के साथ नगर के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने और जनसुविधाओं को उन्नत बनाने की दिशा में यह सबसे बड़ा कदम माना जा रहा है।



विधायक चातुरी नंद ने कहाः "यह स्वीकृति सरायपाली की जनता के सपनों को साकार करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। हमारा लक्ष्य है कि हर घर को स्वच्छ जल, हर गली को बेहतर सड़क और हर नागरिक को आधुनिक सुविधाएं मिले। यह राशि केवल विकास की नहीं, बल्कि जनता के विश्वास की जीत है। विधायक चातुरी नंद ने कहा कि सरायपाली क्षेत्र के विकास के लिए मैं लगातार सदन से लेकर सड़क की लड़ाई लड़ रही हूं, जिसका नतीजा है कि एक बड़ी सौगात क्षेत्र को मिली है। विधायक नंद इसी बड़ी सफलता बताते हुए इसे जनता का श्रेय दिया। विधायक ने कहा कि उनका विज़न "समृद्ध और स्मार्ट सरायपाली" का है। इस परियोजना की स्वीकृति से यह विजन अब पूरा होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरायपाली को प्रदेश के मॉडल नगर के रूप में विकसित करना मेरा सपना है। हर नागरिक को बेहतर जीवन-स्तर मिले, यही मेरी प्राथमिकता है।

### राज्य शासन से मिली तकनीकी स्वीकृति

राज्य स्तरीय तकनीकी समिति की 20वीं बैठक में पारित प्रस्ताव के अनुसार यह राशि मंजूर की गई है। आदेश में यह स्पष्ट किया गया है कि कार्यों का निष्पादन नगर पालिका परिषद सरायपाली द्वारा किया जाएगा तथा वित्तीय स्वीकृति के बाद टेंडर प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ होगी।

### स्वीकृति मिलने से अब इन कार्यों को मिलेगी प्राथमिकता

जल आपूर्ति प्रणाली का विस्तार हर घर तक शुद्ध पेयजल की व्यवस्था। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन आधुनिक डस्टबिन, ट्रेंचिंग ग्राउंड और रीसाइक्लिंग यूनिट। नाली एवं सड़क निर्माण वार्ड-वार्ड में जल निकासी व सड़क सुधार कार्य। तालाबों का सौंदर्यीकरण और जल संरक्षण योजना। शहरी हरियाली एवं पार्क विकास। सार्वजनिक सुविधा केंद्रों और नई ड्रेनेज लाइन का निर्माण।

## खबर संक्षेप



### खैरा में महिलाओं ने रखा करवा चौथ का व्रत

**अरंड (पिथौरा)।** ग्राम खैरा में करवा चौथ पर्व पर विवाहित महिलाएं अपने पति के स्वस्थ एवं अपने सौभाग्य के लिए उपवास रखा। अनीता बाई ध्रुव, सीमा ध्रुव, ईशा ध्रुव, दीपिका पटेल, दीपा पटेल, दीक्षा पटेल, केशवरी पटेल ने बताया कि हम सब महिलाएं पति के दीघार्यु के लिए कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष के चतुर्थी को निराहार रहकर चंद्रमा के उदय की प्रतीक्षा करती है और चंद्रमा को अर्घ्य देकर भोजन करती है। करवा चौथ पर्व पूजा में प्रमुख रूप से पूजा अर्चना की गई।



### तेंदूकोना क्षेत्र में मनाया गया करवा चौथ

**तेंदूकोना।** शुक्रवार को अंचल में करवा चौथ का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दिन सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र, अच्छे स्वास्थ्य व सुखमय जीवन के लिए निर्जला व्रत रख कथा सुनने के पश्चात रात को चंद्रोदय के बाद पारंपरिक सोलह श्रृंगार कर चांद का दीदार कर अर्घ्य देकर व्रत संपन्न किया। इससे पूर्व शाम को सुहागिनों ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर व्रत कथा सुनी।



### खरोरा में मनाया गया करवा चौथ का पर्व

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में करवा चौथ का पर्व शुक्रवार को महिलाओं ने धूमधाम से मनाया। पंच त्रिवेणी चंद्राकर ने बताया कि महिलाओं ने देर शाम चौथ माता की पूजा की और अखंड सौभाग्य की कामना की। पर्व को लेकर महिलाएं सुबह से पूजा की तैयारियों में जुटीं रहीं। शाम को चंद्र निकलने के बाद शुभ मुहूर्त पर व्रतियों ने घर के छत पर पूजन की। पूजा के पश्चात छलनी से चांद का दीदार करने के बाद महिलाओं ने पति को देखा। बाद में पतियों ने करवे में रखे जल का सेवन कराने के बाद मुंह मीठाकर व्रत पूर्ण कराया।



### नपाध्यक्ष निखिलकांत ने कलेक्टर से की भेंट

**महासमुंद।** नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने जिला कलेक्टर विनय कुमार लंगेह से सौजन्य भेंटकर शहर विकास को लेकर चर्चा की। उन्होंने कलेक्टर को शहर के संभावित विकास कार्यों से अवगत कराया। साथ ही गत पीआईसी बैठकों, परिषद की बैठक में पारित प्रस्तावों से उन्हें अवगत कराकर सहयोग का निवेदन किया। कलेक्टर लंगेह ने शहर विकास में अपनी पूरी सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर पार्षद नीरज चंद्राकर मौजूद थे।

## सरस्वती साइकिल : घोंच हाईस्कूल में छात्राओं को बांटी गई साइकिल

# शिक्षा से ही व्यक्ति का चरित्र निर्माण व समाज का विकास संभवः नीलकंठ

हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूकोना

ग्राम पंचायत घोंच स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मुख्यमंत्री सरस्वती साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में उत्साह एवं उल्लास का माहौल रहा। छात्राओं के चेहरों पर नई साइकिल पाकर मुस्कान झलक रही थी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. नीलकंठ साहू उपस्थित रहे, जिन्होंने छात्राओं को साइकिल वितरित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सरस्वती साइकिल योजना बेटियों को आत्मनिर्भर एवं शिक्षित बनाने की दिशा में राज्य सरकार का एक महत्वपूर्ण कदम है। बेटियां सदैव दो घरों की सुख, शांति एवं समृद्धि की प्रतीक होती है। जीवन में



अनुशासन और परिश्रम ही सफलता की कुंजी है। शिक्षा से ही व्यक्ति का चरित्र निर्माण और समाज का विकास संभव है। डॉ. साहू ने छात्राओं को नियमित अध्ययन, समय का सदुपयोग और संस्कारवान जीवन जीने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि शासन की यह योजना न केवल बेटियों की शिक्षा को प्रोत्साहित कर रही है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्र में बालिका शिक्षा के प्रति जागरूकता भी बढ़ा रही है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष छन्नूलाल साहू ने की। उन्होंने कहा कि यह योजना गांव की छात्राओं के लिए वरदान साबित हो रही है, जिससे वे दूरस्थ विद्यालयों तक सुगमता से पहुंच पा रही है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत घोंच के सरपंच पवन साहू, सोनासिली सरपंच जीतराम यादव, घोघरा सरपंच रूपचंद साहू, पूर्व सोसाइटी अध्यक्ष नुवतराम साहू, पूर्व उपसरपंच धनीराम दीवान, डा. नरेश ध्रुव, बेदराम साहू, देवा साहू, उत्तम साहू, नोहर बांधे, वायके साहू, एमके चौधरी सहित क्षेत्र के नागरिक एवं पालकगण उपस्थित रहे। विद्यालय परिसर में छात्राओं ने अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं तालियों की गड़गड़ाहट से किया। साइकिल प्राप्त करने के बाद छात्राओं ने मुख्यमंत्री एवं शासन के प्रति आभार व्यक्त किया और बेहतर अध्ययन करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक वायके साहू ने किया तथा आभार प्रदर्शन एमके चौधरी द्वारा किया गया।

# मामाभांचा को पर्यटन स्थल घोषित किया जाए : देवकी



हरिभूमि न्यूज ⏭ भंवरपुर

जिले के बसना जनपद पंचायत अंर्तगत ग्राम पंचायत खोगसा, संतपाली, लोहडीपुर, बनडबरी एवं कुसमुर के मध्य स्थित एतिहासिक पहाड़ स्थल मामा भांचा में शदियों से प्रति वर्ष शरद पूर्णीमा को विशाल एवं भव्य मेला का आयोजन किया जाता है। जिसमें 15 से 20 हजार भक्तगण अपने मनोकामना लेकर मामाभांचा के पत्थर स्वरुप का दर्शन के लिए आते हैं। मेला कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवकी पुरुषोत्तम दीवान सभापति जिला पंचायत, अध्यक्षता सरपंच बाबू लाल दीवान एवं विशिष्ट अतिथि कुमारी धनेश्वर भास्कर जिला पंचायत सभापति, मधु प्रेम खूंटे सभापति, दुखनी भूमेश चौहान सभापति जप बसना, सोमनाथ पटेल कोषाध्यक्ष, वरिष्ठ भाजपा नेता गिरधारी नायक, कौशल कर्षाल, सरपंच लक्ष्मी साहू, केकती हरिचंद पटेल सरपंच संतपाली, पूर्व सरपंच देवकुमार सिदार थे।

मुख्य अतिथि देवकी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि ऐतिहासिक स्थल मामाभांचा को पर्यटन स्थल घोषित किए जाने की मांग सरपंचों एवं जनप्रतिनिधियों ने एक हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन मुझे सौंपा गया है। इसके लिए मैं सतत प्रयास करती रहूंगी तथा शासन से मांग भी है कि पर्यटन स्थल घोषित किया जाए। सभी अतिथियों ने भी एक स्वर में कहा कि मामा भांचा को पर्यटन स्थल घोषित किया जाए। कार्यक्रम में मनोहर दीवान, भोगसिंह दीवान, सेतराम दीवान, सुरेश साहू,पवन दीवान, गेंदलाल साहू, सत्यनारायण साहू, सत्यानंद बरिहा, ननकी बाई सरपंच बनडबरी आदि का सहयोग रहा।



### खोकसा स्कूल में नेवता भोज का आयोजन

**भंवरपुर।** आदिवासी कन्या आश्रम खोकसा के प्रभारी प्रधान पाठक मोहित बरिहा के जन्मदिवस पर नेवता भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बरीहा दंपति ने छात्रों को कॉपी कलम पेंसिल वितरण कर छात्रों को शिक्षा के प्रति उत्साहित करते हुए उनके लिए स्वरुचि भोज की व्यवस्था की। इस अवसर पर संकुल केंद्र खोकसा के प्राचार्य पीएन ठाकुर, संकुल समन्वयक नंदकुमार चौहान, प्रधान पाठक नारायण प्रसाद नायक, शिक्षकगण रूपलाल चौहान, दिलेश्वर प्रसाद बंजारे, संतलाल चौहान, महावीर भोई, रोहित भट्ट, टीकम त्रिपाठी, प्रधान पाठक उमा पटेल, सहायक शिक्षक रतना पटेल, प्रधान पाठक लखनलाल चंद्रवंशी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सहायक शिक्षक मोहन खंडेल ने किया।

# बेटियों की शिक्षा हमारी सरकार की पहली प्राथमिकता : विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा (ग्रामीण)

ग्राम भीथीडीह में आयोजित निःशुल्क सरस्वती साइकिल वितरण समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत अध्यक्ष उषा पुरुषोत्तम घृतलहरे ने की। जबकि, विशेष अतिथि के रूप में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष ब्रम्हानंद पटेल, जिला पंचायत सदस्य रामदुलारी सीताराम सिंहा, सरपंच प्रेमशीला चक्रधर, युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य स्वप्निल तिवारी, जनपद सदस्य पुरुषोत्तम घृतलहरे, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष विजय नायक, विधायक प्रतिनिधि विजयराज पटेल, सांसद प्रतिनिधि मनमीत छाबड़ा तथा पूर्व महामंत्री अशोक चौधरी उपस्थित रहे।



मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विधायक डॉ. अग्रवाल ने साइकिल प्राप्त करने वाली छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि बेटियों की शिक्षा हमारी सरकार की पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सरस्वती साइकिल योजना के माध्यम से सरकार बेटियों और शिक्षा के बीच की दूरी को कम करने का कार्य कर रही है। विधायक ने कहा, "आप सभी बच्चे देश का भविष्य हैं। शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है। सफल जीवन के लिए शिक्षा अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि यही आपके भविष्य का निर्माण करती है।" कार्यक्रम का संचालन शिक्षक द्वारिका पटेल ने किया। इस दौरान अशोक डड़सेना, अनिल चौधरी, रामाधीन सिन्हा, नरेंद्र बोरे, सतीश ध्रुव, भानु ठाकुर, तुलसी यादव, पुरुषोत्तम खड़िया, सफेद यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# 1 नवंबर से धान खरीदी शुरू करें भाजपा सरकार : रश्मि

## रश्मि ने कहाः अर्ली वेराइटी के धान फसल की कटाई दिवाली के बाद शुरू, अभी वर्तमान में मौसम खराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

आगामी 1 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन शुरू करने की मांग करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ अन्नदाता किसानों का प्रदेश है। धान का कटोरा कहा जाता है। यहां पर धान खरीदी की तैयारी बहुत बृहद पैमाने पर की जाती है। लेकिन, इस सरकार में अब तक सहकारिता, मार्कफेड और नान में आपसी समन्वय नही बन पाया है, यह सरकार धान खरीदी की तैयारी को लेकर गंभीर नही है। संग्रहण शुरू करने से 3 महीना पहले ही खरीफ सीजन के लिए उपार्जन के तय लक्ष्य के आधार पर आवश्यक बारदानों का अनुमान, उसके खरीदी की व्यवस्था, भुगतान के लिए सरकार की गारंटी पर धनराशि की व्यवस्था, हमाली, परिवहन, मिलिंग, धान खरीदी फड़ और उपार्जन केंद्रों में चबूतरो की मरम्मत, शेड की रिपेयरिंग, तिरपाल, सुतली, तौलाई मशीन की समुचित व्यवस्था करनी पड़ती है, लेकिन यह सरकार अब तक सोई हुई है। अर्ली वैरायटी के हरहुना धान पक कर कटाई के लिए तैयार है, लेट वैरायटी के माई धान की भी दिवाली के तुरंत बाद कटाई शुरू हो जाएगी। मौसम लगातार खराब चल रहा हैं, किसानों के पास अपने फसल को बचाने के लिए खलियान और कोठारों में स्थान सीमित होते हैं।



अन्नदाता किसानों के 12 महीने के खर्चे का आसरा और कुल कमाई यही है, अपने परिश्रम से उपजाए अन्य को सुरक्षित रख पाना आसान नहीं होता अतः सरकार 1 नवंबर से ही धान खरीदी आरंभ करें।

जिलाध्यक्ष रश्मि ने कहा कि भाजपा सरकार की किसान विरोधी निर्णयों से किसान चिंतित हैं। पहले बीज और खाद की कमी, फिर डीएपी और यूरिया की कालाबाजारी, खाद सब्सिडी में कटौती के चलते छत्तीसगढ़ में में इस बार अभूतपूर्व उर्वरक संकट से किसानों को जूझना पड़ा है, जिसका सीधा असर उत्पादकता पर पड़ रही है। अब जब फसल तैयार हो गई तो खरीदी 15 दिन बाद करने के तुगलकी फैसले से किसानों को अपनी उपज बचाने की चिंता सता रही है।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की किसान विरोधी नीति से एमएसपी पर धान उपार्जन की व्यवस्था पर संशय की स्थिति है। न भुगतान के लिए फंड की व्यवस्था है, न किसानों के पंजीयन की प्रक्रिया पूरी हो पाई है। पिछले साल 27 लाख किसानों ने पंजीयन कराया था, सरकार के दावे के अनुसार ही इस बार अभी तक मात्र 25 लाख किसानों का पंजीयन हुआ है। डॉ. रश्मि ने बताया कि धान खरीदी प्रारंभ होने वाली है। भाजपा सरकार ने एग्रीस्टेक पंजीयन को अनिवार्य कर दिया है। जिले में हजारों किसानों का अब तक एग्रीस्टेक पंजीयन नहीं हो पाया है।

आइब्रो, मूंछ दाड़ी के बालों का प्रत्यारोपण
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

# भीथीडीह के कमारपारा में सड़क निर्माण से ग्रामीणों को मिलेगी सुविधा

## ग्राम पंचायत भीथीडीह पहुंचे बसना विधायक संपत अग्रवाल, किया सीसी रोड का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा (ग्रामीण)

क्षेत्रीय विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने ग्राम पंचायत भीथीडीह के कमारपारा में 14 लाख 70 हजार रुपए की लागत से बनने वाले सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में विधानसभा क्षेत्र में चौमुखी विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं।

विधायक ने कहा कि ग्राम भीथीडीह के कमारपारा का यह मार्ग ग्रामीणों की दैनिक आवाजाही का प्रमुख साधन है। और इसके पक्के निर्माण से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि बारिश के दिनों में होने वाली दिक्कतों से भी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि विधानसभा क्षेत्र के सभी मार्ग सुगम और सुव्यवस्थित हों, ताकि ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाएं सुलभ रूप से प्राप्त हो सकें।



भूमिपूजन कार्यक्रम के अवसर पर बतौर अतिथि जनपद अध्यक्ष उषा पुरुषोत्तम घृतलहरे, जनपद उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद पटेल, जिला पंचायत सदस्य रामदुलारी सिन्हा, सरपंच प्रेमशीला चक्रधर ठाकुर, युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य स्वप्निल तिवारी, पुरुषोत्तम घृतलहरे, सीताराम सिन्हा, आलोक त्रिपाठी, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष विजय नायक, विधायक प्रतिनिधि विजय राज पटेल, सांसद प्रतिनिधि मनमीत छाबड़ा, पूर्व महामंत्री अशोक चौधरी, उपसरपंच शैलू डड़सेना, अशोक डड़सेना, अनिल चौधरी, रामाधीन साहू, नरेंद्र बोरे, सतीश ध्रुव, भानु ठाकुर, तुलसी यादव, महेश यादव, पुरुषोत्तम खड़िया, सफेद हरी, गजेंद्र यादव सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और ग्रामीणजन उपस्थित रहे।




